वर्ष- 3 , अंक- 158
छपरा
12 मई मंगलवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## कांग्रेस का आरोप-सरकार ने राहुल की इंस्टाग्राम रील ब्लॉक की

### सरकार बोली- इंटरनल सिस्टम की गलती से हुआ



**नई दिल्ली/चेन्नई,एजेंसी।** कांग्रेस ने दावा किया कि इंस्टाग्राम ने राहुल गांधी की उस रील और फोटो पोस्ट को ब्लॉक कर दिया है, जिसमें वे तमिलनाडु के सीएम विजय के साथ नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने इसका कारण इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के नियमों को बताया। हालांकि सरकारी सूत्रों ने इस आरोप से इनकार किया है। सूचना मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह प्लेटफॉर्म के आंतरिक सिस्टम की एक गलती के कारण हुआ, जिसने गलती से इस पोस्ट को ब्लॉक करने के लिए फ्लैग कर दिया था। हालांकि पोस्ट रीस्टोर कर दी गई है। गांधी रविवार को चेन्नई में थे, जहां उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर विजय के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर इस अभिनेता-राजनेता के साथ अपनी कई तस्वीरें भी शेयर की थीं।

## कोल्हापुर के पन्हाला में दो दरगाह तोड़ने पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

### 15वीं सदी में बनने का दावा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट की कोल्हापुर बेंच ने पन्हाला में मौजूद 15वीं सदी के दो मुस्लिम धार्मिक स्थलों को तोड़ने के आदेश पर रोक लगा दिया है। कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए यह आदेश पन्हाला गिरिस्तान नगर परिषद को दिया है। इन दो मुस्लिम धार्मिक स्थलों में एक हजरत पीर शाहबुद्दीन खटावली दरगाह है और दूसरा हजरत पीर साधु खटल दरगाह है। जस्टिस माधव जमदार और जस्टिस प्रवीण एस पाटिल की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को तय करते हुए कहा, 'तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, यह जरूरी है कि सभी प्रतिवादी जवाब में हलफनामा दाखिल करें। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील (युवराज) नरवणकर ने कोर्ट में तर्क दिया कि यह दोनों दरगाह लगभग 15वीं सदी से अस्तित्व में है और बॉम्बे गजट में भी दर्ज है।

**15 जून तक दाखिल करें हलफनामा: हाई कोर्ट :**वहीं कोर्ट ने आगे कहा, 'जवाबी हलफनामा 15 जून 2026 को या उससे पहले दाखिल किया जाए।' मालूम हो कि, पन्हाला हिल स्टेशन की नगर निकाय संस्था ने महाराष्ट्र क्षेत्रीय नगर नियोजन (MRTP) अधिनियम की धारा 52 और 53 (दोनों ही अनाधिकृत निर्माण और उसे गिराने की शक्ति से संबंधित हैं) के तहत, इन दरगाहों का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट को एक नोटिस जारी किया था।

## सोमनाथ मंदिर के 75 साल, पीएम रोड शो करके पहुंचे

# मंदिर के शिखर का 11 तीर्थों के जल से अभिषेक किया

**जामनगर,एजेंसी।** गुजरात के सोमनाथ में आज मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 साल पूरे हो रहे हैं। 11 मई 1951 को स्वतंत्र भारत में नए सिरे से बनाए गए सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इतिहास के इस बड़े घटनाक्रम का उत्सव मनाने के लिए सोमनाथ अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2किमी. का रोड शो करते हुए सोमनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने शिवाभिषेक किया। इसके बाद पीएम ने रिमोट के जरिए मंदिर का कुंभाभिषेक किया।

वैदिक मंत्रों के बीच 11 तीर्थों के जल से शिखर जल चढ़ाया गया। 90 मीटर ऊंची क्रेन की मदद से कलश को मंदिर के ऊपर रखा गया था। 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए एक और वजह से खास है। दरअसल सन् 1026 में महमूद गजनवी ने मंदिर पर हमला कर इसे ध्वस्त कर दिया था। उस घटना के हजार साल भी पूरे हो गए हैं।

**पीएम मोदी ने रिमोट के जरिए मंदिर के शिखर का कुंभाभिषेक किया:**पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर के शिखर का पहली



बार जलाभिषेक किया। इसके लिए 11 तीर्थों के जल को एक बड़े कलश में रखा गया था। इस कलश को 90 मीटर लंबी क्रेन के जरिए मंदिर शिखर के ऊपर स्थापित किया गया था।

**सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की सनातन ऊर्जा का उत्सव: राजनाथ सिंह :**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के आज 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ मंदिर भारत की आध्यात्मिक चेतना और आस्था का प्रबल प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है, जो भारत की सनातन ऊर्जा का उत्सव है। यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को और अधिक जागृत व समृद्ध करने के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है, जिससे भारत की भावी पीढ़ियां भी प्रेरणा प्राप्त कर सकेंगी।

- **PM ने कहा- राष्ट्र जड़ों से जुड़ा रहे तभी मजबूत रह सकता है:** कहा- सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट से सैकड़ों परिवार जुड़े हैं। गुजरात के बाकी हिस्सों में भी लोग आते हैं। यह मंदिर हमें हमारी जीवन जीने का तरीका सिखाती है। हमारी आस्था नदियों में, वृक्षों में है। हम जंगलों को भी श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। आज जब दुनिया प्राकृतिक जीवनशैली की तरफ लौट रही है तो हमें जागरूक होना होगा।

कहा- हम ऐसा जीवन अपनाएं जिससे प्राकृतिक शैली की रक्षा हो। जब नई पीढ़ियां अपने इतिहास और मूल्यों से जुड़ती हैं तब राष्ट्र का आत्मबल और मजबूत होता है। आज देश आगे बढ़ रहा है। उसमें हमारी सांस्कृतिक विरासत की बड़ी भूमिका है। सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूत रह सकता है जब वह जड़ों से जुड़ा रहे।

- **बोले- मुझे देश के तीर्थस्थलों के विकास का मौका मिला:** कहा- आजादी के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निमाण की कोशिश की। उन्हें इसके लिए नेहरू का विरोध झेलना पड़ा। लेकिन ये सरदार साहब की इच्छाशक्ति थी कि वे डिगे नहीं। सोमनाथ फिर से बना और देश ने सदियों के कलंक को धो दिया।

कहा- आज मुझे देश के सभी तीर्थों के विकास का मौका मिला है। यह सोमनाथ का ही आशीर्वाद है। विश्वनाथ, ओंकारेश्वर, केदारनाथ धाम का विकास हुआ है। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हैं। ऐसे कितने ही तीर्थस्थल हैं जिनकी महिमा पुराणों में सुनी हैं। आज हमें उस समृद्ध परंपरा के दर्शन होने लगे हैं। ये सब 10-12 साल के अंदर हुआ है।

## राहुल बोले: देश चलाना मोदी के बस की बात नहीं

### सोना न खरीदें, विदेश न जाएं जैसी 7 अपीलें उपदेश नहीं, नाकामी के सबूत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी करार दिया। कहा कि अब देश चलाना प्रधानमंत्री के बस में नहीं रह गया है।

एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'कल मोदी जी ने जनता से त्याग मांगा। सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का उपयोग घटाओ,



मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं।

ये विफलता हैं।'उन्होंने कहा, '12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं।' दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो सके और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

## दिल्ली से लेकर यूपी तक बदला मौसम का मिजाज

# आंधी-बारिश का अलर्ट; राजस्थान-गुजरात में लू से बढ़ेगी परेशानी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** देशभर में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार 11 मई को देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग तरह का मौसम देखने को मिलेगा। उत्तर भारत के कई राज्यों में आंधी और बारिश से गर्मी से राहत मिलने की संभावना है, जबकि राजस्थान, गुजरात और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का असर बना रहेगा।

दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पहाड़ी राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं दक्षिण भारत के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

**दिल्ली-एनसीआर में बदलेगा मौसम:**दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में रविवार देर शाम या रात से मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक की संभावना जताई है। हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

दिन में गर्मी बनी रहेगी, लेकिन शाम के बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

**यूपी में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी:** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में मौसम सक्रिय रहने वाला है। 11 से 14 मई के बीच कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, प्रयागराज और वाराणसी समेत कई शहरों में बादल छाए रह सकते हैं और गरज-चमक देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने किसानों और खुले मैदान में काम करने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

- **पंजाब-हरियाणा में चलेगी तेज आंधी:** पंजाब और हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई देगा। कई जिलों में धूलभरी आंधी, बादल और हल्की बारिश की संभावना है। चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों में भी मौसम खराब रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 11 से 13 मई तक इन राज्यों में मौसम अस्थिर बना रहेगा।
- **राजस्थान में भीषण लू का अलर्ट :** राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने इन इलाकों के लिए हीटवेव अलर्ट जारी किया है। पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्के बादल दिखाई दे सकते हैं, लेकिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।
- **मध्य प्रदेश और गुजरात में बढ़ेगा तापमान :** मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और गुजरात में भी गर्मी तेज रहने वाली है। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और भोपाल में गर्म हवाएं चल सकती हैं।

# दुर्लभ बिल्ली को बचाने के लिए 'गोट बैंक' खुलेंगे

### 'कैरेकल' को जिंदा जलाने की घटना के बाद अनूठी पहल



अधजली कैरेकल

**जैसलमेर ,एजेंसी।**जैसलमेर में दुर्लभ वन्यजीव कैरेकल कैट (सियागोश) को बचाने के लिए वन विभाग प्रदेश का पहला 'गोट बैंक' (बकरी बैंक) शुरू करने जा रहा है। यह कदम मार्च 2026 में हुई उस दिल दहला देने वाली घटना के बाद उठाया गया है, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी 50 बकरियों के शिकार के शक में एक दुर्लभ कैरेकल को जिंदा जला दिया था।वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (WTI) के साथ मिलकर तैयार इस प्रोजेक्ट का मकसद 'रिवेंज किलिंग' (बदले की हत्या) को रोकना है। अब अगर कैरेकल किसी की बकरी का शिकार करेगा, तो विभाग मुआवजे की कागजी कार्रवाई के बजाय सीधे बकरी बैंक से नई बकरी पशुपालक को सौंप देगा।50 बकरियों के बदले जला दी कैरेकल

मार्च 2026 में जैसलमेर के सरहदी इलाके में एक जला हुआ कैरेकल मिला था। ग्रामीणों ने वीडियो भी वायरल किया था।

पूछताछ में सामने आया कि कैरेकल ने ग्रामीणों की करीब 50 बकरियां मार दी थीं। गुस्से में ग्रामीणों ने पैरों के निशान का पीछा किया और कैरेकल को घेरकर मार डाला। भारत में अब महज 50 कैरेकल बचे हैं, जिनमें से जैसलमेर में सिर्फ 4 के कुनबे की पुष्टि हुई है।

## नेतन्याहू बोले- ईरान के नए सुप्रीम लीडर जिंदा

### बंकर में छिपे, सत्ता पर पिता खामेनेई जैसी पकड़ नहीं, जनता के विद्रोह का डर सता रहा



**तेल अवीव,एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा हैं, लेकिन उनकी सत्ता पर पकड़ उनके पिता अली खामेनेई जैसी मजबूत नहीं है।

CBS न्यूज के शो '60 मिनट्स' को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि मुजतबा किसी बंकर या गुप्त जगह पर छिपे हुए हैं और वहीं से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इस समय 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे कमजोर दौर में है। उनके मुताबिक, शासन के भीतर दरारें बढ़ रही हैं और अलग-अलग गुटों में मतभेद सामने आ रहे हैं।

## बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में 3 संदिग्ध गिरफ्तार

### बिहार के बक्सर, यूपी के बलिया से पकड़ाए 6 मई को चंद्रनाथ का मर्डर हुआ था

**कोलकाता/पटना/लखनऊ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

तीनों को बंगाल ले जाया गया है। बंगाल सीआईडी ने बताया कि बिहार के बक्सर से मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य, जबकि उत्तर प्रदेश के बलिया से राज सिंह को रविवार रात हिरासत में लिया गया था। इन्हें सोमवार सुबह गिरफ्तार किया गया। राज सिंह शार्प शूटर बताया जा रहा है। बंगाल चुनाव के नतीजे आने के दो दिन बाद 6 मई को 42 साल



के चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके में हुई। हमलावर ने रथ की कार रुकवाकर कई राउंड फायरिंग की थी। रथ को सीने और पेट में तीन गोलियां लगी थीं।

# बदलाव: घर चलाने वाली महिलाओं को रोजगार में 4.4% अधिक मौके

### परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है श्रम बाजार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत का महिला श्रम बाजार एक बड़े बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। शिक्षा, घर चलाने के मामलों में बढ़ती भूमिका और सामाजिक गतिशीलता की वजह से नियमित वेतन वाले रोजगार में महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है। एसबीआई रिसर्च की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि जो महिलाएं अपने परिवार की मुखिया होती हैं, उनके नियमित वेतन वाले रोजगार में होने की संभावना अन्य महिलाओं के मुकाबले 4.4 फीसदी अधिक होती हैं, जबकि अनौपचारिक मजदूरी में 4.2% कम।

महिलाओं की रोजगार स्थिति पर एसबीआई रिसर्च का यह विश्लेषण पहली बार भारत के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के यूनिट-लेवल डाटा के आधार पर किया गया है। इसके मुताबिक, परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभालने वाली महिलाएं अधिक स्थिर और सुरक्षित रोजगार की ओर बढ़ रही हैं। हालांकि, स्वरोजगार के मोर्चे पर यह बदलाव कम है। यह पैटर्न शहरी इलाकों में ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखता है, जहां महिलाओं के घर की मुखिया होने का संबंध नियमित वेतन वाले रोजगार में 10 फीसदी की बढ़ोतरी और स्वरोजगार में 8% की गिरावट से है।

**शिक्षा से ही बदलेगी असली तस्वीर:** शिक्षा सबसे पहले महिलाओं को अनौपचारिक श्रम से बाहर निकालती है और एक निश्चित स्तर के बाद उन्हें नियमित रोजगार में शामिल करती है। जो महिलाएं पढ़ी-लिखी नहीं हैं, उनके अनौपचारिक मजदूरी में शामिल होने की संभावना 0.21% है। जिन महिलाओं ने मिडिल से सेकेंडरी स्तर तक की शिक्षा हासिल की है, उनमें यह घटकर 0.12% रह जाती है। निर्णायक बदलाव हायर सेकेंडरी और उससे ऊपर के स्तर पर आता है, जहां नियमित वेतन वाले रोजगार में महिलाओं के शामिल होने की संभावना बढ़कर 0.44% हो जाती है और अनौपचारिक मजदूरी में जाने की स्थिति घटकर 0.03% रह जाती है। स्वरोजगार का चलन कम हो जाता है। इससे यह संकेत मिलता है कि महिलाओं के लिए स्थायी व वेतन वाले रोजगार पैदा करने के लिए उच्च शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करना बेहद जरूरी है।

**मजदूरी में होने की संभावनाएं 5% कम:**ग्रामीण इलाकों में अगर महिलाएं घर की जिम्मेदारी संभालती हैं, तो उनके अनौपचारिक मजदूरी में होने की संभावनाएं पांच फीसदी कम होती है, जबकि नियमित वेतन वाले रोजगार और स्वरोजगार दोनों में थोड़ा सुधार होता है। इन नतीजों से पता चलता है कि घरों के भीतर ज्यादा अधिकार और मोलभाव की ताकत होने से रोजगार के ज्यादा स्थिर नतीजे मिल रहे हैं। हालांकि, इसका स्वरूप स्थानीय मजदूर बाजारों के हिसाब से अलग-अलग होता है। परिवहन क्षेत्र में काम पाने में महिलाएं पुरुषों से आगे : परिवहन क्षेत्र में नियमित वेतन वाला काम हासिल करने में महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। हालांकि, खनन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में नियमित वेतन वाले रोजगार में महिलाओं की हिस्सेदारी पुरुषों के मुकाबले कम रहती है।



## अनियंत्रित कार ने 3 को रौंदा, 1 की मौत




**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी के सुगौली थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना छपवा-रक्सौल मुख्य मार्ग पर सिसवनिया के पास हुई। मृतक की पहचान सिसवनिया टोला निवासी इसूफ अंसारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, देर रात कुछ ग्रामीण सड़क किनारे खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान छपवा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार जैलो कार अनियंत्रित होकर उनसे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि इसूफ अंसारी दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

**टक्कर के बाद कार भी क्षतिग्रस्त:** हादसे में मो. उस्मान और मेराजूल हक भी बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर के बाद कार भी क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार व्यक्ति को भी चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद इसूफ अंसारी को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**लोगों ने चालक को पकड़ा, पुलिस को सौंपा:** घटना की सूचना मिलते ही सुगौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। सुगौली थानाध्यक्ष अनिश सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि अन्य लोग घायल हैं। मामले की जांच की जा रही है और आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गोढ़ी चौक पर शराब तस्करी, 2 सगे भाई अरेस्ट : अररिया में बाइक से ले जा रहे थे 15 बोतल विदेशी शराब

**अररिया,एजेंसी।** नगर थाना पुलिस ने गोढ़ी चौक के पास शराब तस्करी करते दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 15 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान बुधेश्वरी रामपुर निवासी मो. सरफ अली और मो. गोलू के रूप में हुई है।




**दोनों युवकों को रोकर ली तलाशी:** नगर थाना प्रभारी मनीष कुमार रजक ने बताया कि पुलिस की गश्ती टीम को गोढ़ी चौक क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने बाइक सवार दोनों युवकों को रोका और उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक के पीछे बैठे युवक के बैग से 15 बोतल विदेशी शराब मिली। इसमें 750 मिलीलीटर की 4 बोतलें और 375 मिलीलीटर की 11 बोतलें शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने शराब ले जाने की बात स्वीकार की।

**बड़े सप्लायर तक पहुंचने का प्रयास:** थाना प्रभारी मनीष कुमार रजक ने कहा कि पुलिस टीम अवैध शराब की तस्करी पर लगातार नजर रख रही है। यह गिरफ्तारी उसी अभियान का हिस्सा है। पुलिस अब बड़े सप्लायर तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आगे की जांच जारी है। दोनों युवकों को सोमवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## जमुई में जमीन विवाद में बेटे ने पिता को पीटा, 21 बीघा जमीन नाम कराने का बना रहा था दबाव



**जमुई,एजेंसी।** जमुई के टाउन थाना क्षेत्र स्थित चौड़ीहा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक बेटे ने अपने वृद्ध पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में 65 वर्षीय पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल वृद्ध की पहचान चौड़ीहा गांव निवासी बनवारी यादव के रूप में हुई है। बनवारी यादव के अनुसार, उनके सात पुत्र हैं और उनके पास लगभग 21 बीघा जमीन है। वह अपनी मेहनत से खरीदी गई इस जमीन को सभी बेटों के बीच बराबर बांटना चाहते हैं।

**जमीन अपने नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बना रहे:** हालांकि, उनके बड़े पुत्र बिरजू यादव पूरी जमीन अपने नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बना रहे थे। रविवार को जब बनवारी यादव ने जमीन अपने नाम करने से साफ इनकार कर दिया, तो नाराज पुत्र ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल वृद्ध को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हाईटेंशन तार के चपेट में आने से एक युवती गंभीर रूप से घायल

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के मसदी पंचायत वार्ड नम्बर आठ के शिवनंदनपुर विंद टोला के बहियार में रविवार को हाईटेंशन तार (33 हजार पावर) के चपेट में आने से एक युवती हुए गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे ईलाज के लिए रेफर अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिय। घटना को लेकर मसदी मुखिया प्रतिनिधि सुभाष यादव ने बताया कि घायल युवती का नाम वीणा कुमारी, उम्र 14 वर्ष पिता चमन बिंद साकिन शिवनंदनपुर की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि यह हाईटेंशन तार 33 हजार का लगभग डेढ़ साल से लावारिस अवस्था में एक खेत के बहियार में गिरा हुआ है। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को लिखित आवेदन दिया गया। लेकिन विभाग के द्वारा हाईटेंशन तार को नहीं हटाया गया।

# सीएम बोले- पुलिस के हाथ खुले हैं, अपराधी किसी भी जाति का हो, सुशासन से समझौता नहीं

**पटना,एजेंसी।** सीएम सम्राट ने सोमवार को मंदिरी नाले पर बनी सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा, ये पूरा जाम वाला इलाका था। अब इस सड़क से लोगों को जाम से निजाद मिलेगी।

ये पूरा इलाका रेसिडेंशियल से कॉमर्शियल होने जा रहा है। इसके लिए मैं नितिन नवीन जी को और पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं। हमें यहीं नहीं रुकना है। पटना के दोनों को नए शहर बनाना है।

नीतीश जी और मोदी जी के आशीर्वाद से देश के साथ बिहार भी आर्थिक रूप से मजबूत होगा। हम इंडस्ट्री को भी बढ़ावा देने जा रहे हैं। सारी व्यवस्था बदली है। आज सुशासन की सरकार है। मैंने पुलिस का हाथ खोल दिया है। सुशासन से कोई समझौता नहीं करेंगे।



पुलिस को कोई चैलेंज करता है तो 48 घंटे में जवाब देंगे। कोई अपराधी बच नहीं सकता। हमें सुशासन चाहिए। इंडस्ट्री को लाना है तो सुशासन जरूरी है। कौन अपराधी है, किस जाति का है हमें फर्क नहीं पड़ता। हमें हर कीमत पर सुशासन चाहिए।

**CM ने रिमोट दबाया, पर्दा फंस गया:** मंदिरी नाले के उद्घाटन के दौरान सम्राट चौधरी ने जैसे ही रिमोट दबाया, शिलापट्ट का पर्दा फंस गया। इसके बाद अधिकारी दौड़े-दौड़े मौके पर पहुंचे और हाथों से पर्दा ऊपर किया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाईं।

मंदिरी नाले पर सड़क बनने से पटना के लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। अब लोग इनकम टैक्स गोलंबर से सीधे गंगा पथ जा सकेंगे। इससे शहर वासियों को PMCH, NMCH, गायघाट, कंगाघाट, गुरुद्वारा और दीदारगंज आने-जाने में सुविधा होगी।

इसका शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। ये नितिन नवीन के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। बतौर बांकीपुर विधायक रहते हुए, उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काफी काम किया था।

सड़क का नामकरण उनके पिता के नाम पर होगा। अब यह रोड 'नवीन किशोर सिन्हा पथ' के नाम से जाना जाएगा। इस नाले पर बनी सड़क का सीधा फायदा 3 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा।

**नाले के ऊपर बनी है सड़क:** कभी जिस मंदिरी नाले के दुर्गंध से लोग भागते थे, अब उसी इलाके में सरपट गाड़ियां दौड़ेंगी। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड की तरफ से नाले के जीर्णोद्धार के साथ ही इसे ढककर उसके उपर सड़क का निर्माण किया गया है।

## 459 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, स्कार्पियो वाहन जब्त

**सुपौल, एजेंसी।** जिले के ललितग्राम थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के मिरचैया नदी के पास एनएच 27 से भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक स्कॉर्पियो वाहन डीएल 4 सीएनबी 2534 को भी जब्त किया है, जिसका उपयोग शराब की तस्करी में किया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान किशनपुर थाना क्षेत्र के टेगरहा वार्ड संख्या तीन निवासी मिथलेश कुमार यादव के रूप में की गई है। इस बाबत थाना अध्यक्ष अंजलि कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मिर्चैया नदी के पास एनएच 27 से एक स्कार्पियो वाहन से 17 बोरी में कुल 459 लीटर नेपाली दिलवाले शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जब्त वाहन मालिक व तस्कर के विरुद्ध शराब उत्पाद संसोधन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। साथ ही मामले में तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।



## बिहार के 19 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट, 50किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

**पटना,एजेंसी।** बिहार के 19 जिलों के लिए आज मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में मेघ गर्जन के साथ 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। साथ ही आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। मौसम विभाग के अनुसार ऐसी स्थिति 15 मई तक बिहार के कई हिस्सों में बनी रह सकती है। हालांकि कई हिस्सों में अगले दो-तीन दिनों में चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ेगा, उसके बाद गिरावट आएगी। मौसम विभाग के पटना केंद्र के अनुसार 11 से 15 मई तक उत्तर, उत्तर-पूर्व और दक्षिण बिहार में बारिश और आंधी की आशंका है। इसके बाद मौसम में धीरे-धीरे बदलाव देखने को मिलेगा। इसके बाद गर्मी फिर से बढ़ सकती है। लोगों को खराब मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



**पटना के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती:** राजधानी पटना में आज आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग ने पटना में तेज हवा चलने की भी संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

# भोजपुर में युवक ने जीजा के भाई को मारी गोली, गर्लफ्रेंड से बात करने से मना करने पर बढ़ा विवाद

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में गर्लफ्रेंड से बात करने से मना करने पर एक युवक ने जीजा के भाई को गोली मार दी। गोली बाएं हाथ की बांह में लगी और पार होते हुए सीने में जा धंसी। गंभीर रूप से जख्मी युवक ने खून से लथपथ हालत में अपने भाई को फोन कर जानकारी दी।

जिसके बाद परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नौरंगा गांव निवासी सोनू कुमार ठाकुर(25) के तौर पर हुई है। जो पेशे से डेयरी संचालक है। घटना कारनामेपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया मोड़ के पास की है।



**लड़की से बात करने के लिए मना किया था:** घायल ने बताया कि बड़े भाई का साला साधु राय मेरे घर पर आया था। रविवार की सुबह दोनों दरवाजे पर बैठे थे। इस दौरान वो एक युवती से मोबाइल पर बातचीत कर रहा था। पूछताछ करने पर बताया कि वह ओझवलिया गांव की एक लड़की से बात कर रहा है। इस पर मैंने विरोध जताया, कहा कि जिस लड़की से वह बात कर रहा है, उसके परिवार के लोग उसकी डेयरी में दूध देते हैं।

गांव में लोग उसके बारे में गलत बातें करेंगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। साधु राय गाली-गलौज करने लगा। बीच-बचाव करने पहुंची सोनू की पत्नी के साथ भी उसने अभद्र व्यवहार किया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से चला गया।

**गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी:** सोनू ने आगे बताया कि मामला शांत होने के बाद दूध लेकर बक्सर जिले के पररी गांव स्थित अमूल डेयरी जा रहा था। तभी ओझवलिया मोड़ के पास आरोपी बाइक से पीछा करते हुए पहुंचा और ओवरटेक कर गाड़ी रोक दी। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए कमर से कट्टा निकालकर गोली मार दी। दोबारा अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

**छानबीन में जुटी पुलिस:** मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित के बयान के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

## गयाजी में पिकअप की टक्कर से एक की मौत : पत्नी के लिए जूस लाने गए थे

**गया,एजेंसी।** गयाजी में रविवार को सड़क हादसे मं एक वयक्ति की मौत हो गई है। दो घायल भी हुए हैं। तेज रफ्तार पिकअपने टक्कर मार दी। मृतक रौशनगंज थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी कामेश्वर दास हैं। घायलों में मोरैनिया गांव निवासी बच्चन ठाकुर के बेटे रोहित ठाकुर (26) और अमरजीत ठाकुर का बेटा अभय कुमार (2) शामिल है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई अर्जुन दास ने बताया कि कामेश्वर दास पिछले एक सप्ताह से अपनी पत्नी का इलाज चंडीस्थान स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के यहां करा रहे थे। उनकी पत्नी अस्पताल में भर्ती थीं। रविवार को कामेश्वर दास अपनी पत्नी के लिए जूस लेने चंडीस्थान बाजार गए थे, तभी हादसा हो गया। घटना आमस थाना क्षेत्र स्थित चंडीस्थान बाजार के पास की है।

**लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया:** लोगों ने घायल व्यक्तियों को संभाला और पुलिस को सूचना दी। आमस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

**पिकअप और चालक को थाने लाया गया:** आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि घायलों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया भेजा गया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल पिकअप वाहन और उसके चालक को थाना लाया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चंडीस्थान बाजार के पास तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण लगाया जाए।

## वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर,इलाज के दौरान मौत

**सीवान, एजेंसी।** जिले के दरौंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर शनिवार की देर रात सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सिरसांव मठिया गांव निवासी सुंद्रिका साह (70 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुंद्रिका साह शनिवार की देर रात अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान दरौंदा मछली बाजार के समीप सड़क पार करने के क्रम में छपरा से सीवान की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरौंदा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां भी हालत नाजुक बनी रहने पर रविवार की सुबह डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। परिजन उन्हें पटना ले जा रहे थे, तभी दरौंदा के समीप रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

## बेटी जन्म देने पर प्रताड़ना का आरोप, महिला थाना में केस दर्ज

**किशनगंज, एजेंसी।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने पति एवं ससुराल पक्ष पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता जिनत खातून ने बेटी जन्म लेने के बाद से लगातार प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की है। महिला ने अपने आवेदन में बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। उसकी एक लगभग तीन वर्षीय पुत्री है। पीड़िता के अनुसार, बेटी के जन्म के बाद से ही उसके पति विकास साह, सास एवं अन्य परिजन उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि ससुराल पक्ष के लोग अक्सर उसके साथ मारपीट करते हैं और बेटी पैदा होने को लेकर ताना देते हैं। साथ ही तलाक देने और जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति हरियाणा में मजदूरी करता है, लेकिन उसे किसी प्रकार का गुजारा भत्ता नहीं देता।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से 8 वर्षीय मासूम की मौत




**सुपौल, एजेंसी।** जिले के ललमनिया गांव में मिट्टी भराई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय मासूम दिलखुश राम की मौत हो गई। घटना नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड-13 की बताई जा रही है।

हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक अपने पिता का इकलौता पुत्र था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार ललमनिया वार्ड-13 निवासी योगेंद्र राम का पुत्र दिलखुश राम गांव में खेल रहा था। उसी दौरान वार्ड-12 निवासी प्रयाग साह के यहां ट्रैक्टर से मिट्टी भराई का काम चल रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर चालक तेज आवाज में गाना बजाते हुए वाहन चला रहा था। इसी बीच बच्चा ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसके सीने पर ट्रैक्टर का चक्का गुजर गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद ग्रामीणों ने बच्चे को गंभीर हालत में आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. अखिलेश झा ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि बच्चा अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि दिलखुश की मां बचपन में ही परिवार छोड़कर दूसरे स्थान पर चली गई थी। पिता योगेंद्र राम मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। ऐसे में इकलौते बेटे की मौत ने परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है। गांव में घटना के बाद शोक और गम का माहौल है। ट्रैक्टर मालिक छजना गांव का निवासी है, जबकि चालक ललमनिया के मुहरी गांव का रहने वाला है। घटना की सूचना मिलते ही नदी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।



## भेल्दी में कार ने इंटर की छात्रा को रौंदा, मौके पर ही मौत



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर सरायबक्स के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार कार ने इंटर की छात्रा को रौंद दिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृत छात्रा सुमन कुमारी( 16 ) भेल्दी थाने के जाफरपुर गवन्द्री गांव के सिकंदर सिंह की पुत्री बताई जाती है।छात्रा की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने सरायबक्स के समीप छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 को पूरी तरह जाम कर दिया जिससे एनएच पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और करीब दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के जाफरपुर गवन्द्री गांव के सिकंदर सिंह की पुत्री सुमन कुमारी ने सोमवार को रायपुरा से कोचिंग कर अपने गांव के एक अन्य सहेली के साथ साइकिल से घर लौट रही थी।सुमन जैसे ही छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर सरायबक्स के समीप पहुंची कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे सुमन की मौत मौके पर ही हो गई। सुमन की मौत के बाद उसकी सहेली शोच मचाई तो कुछ युवकों भाग रहे कार पर ईट-पत्थर भी फेंके मगर चालक कार को लेकर भेल्दी की ओर भागने में सफल रहा।घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों लोग जुट गए।पुलिस एनएच के किनारे लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि भागने वाले कार का पता चल सके।

**करीब दो घंटे तक रहा एनएच जाम, आवागमन ठप :** छात्रा सुमन कुमारी की मौत की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और बड़े ट्रकों को एनएच के बीचो-बीच खड़ा कर आवागमन को पूरी तरह ठप कर दिया।एनएच के दोनों तरह ट्रक व अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गई और परिचालन पूरी तरह बंद हो गया।जाम की सूचना मिलते ही भेल्दी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल दल-बल के साथ मौके पर पहुंच आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मृत छात्रा के शव को कब्जे मे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।एनएच जाम खत्म होने के बाद वाहनों का परिचालन शुरू हुआ तब जाकर चालकों व राहगीरों ने राहत की सांस ली।

## पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार सरकार के नवनियुक्त पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के बाद बाबा हरिहर नाथ मंदिर में सोमवार के पूजा अर्चना किया.उसके उपरांत मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह ने उन्हें अंग बस्त्र व पुष्प गुच्छ,बाबा हरिहरनाथ के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया. मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हरिहरनाथ मंदिर को अयोध्या राम मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के तर्ज पर विकसित किया करने की योजना है.जिस पर 680 करोड रुपए की खर्च किए जाएंगे उन्होंने मंदिर के विकास और सौंदर्यकरण करने की भी घोषणा की. उन्होंने बिहार के विकास को प्राथमिकता देने और पर्यटन के क्षेत्र में बिहार को नई ऊंचाई पर ले जाने का भी संकल्प लिया।

## बीस लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार की शाम मुरलीमठ गांव में छापेमारी कर बीस लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार धंधेबाज मुरलीमठ गांव निवासी शिवपूजन गिरी का पुत्र मुकेश गिरी बताया जाता है. बताया जाता है कि गश्ती पर निकली पुलिस को सूचना मिली कि मुरलीमठ गांव में एक निर्माणाधीन मुर्गीफार्म के समीप झाड़ी में कालाबाजारी के लिए देशी शराब छिपाया गया है. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी की एवं छिपाये गये शराब को जब्त कर लिया .वही पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही धंधेबाज भागने लगा जिसे पुलिस बलो ने खदेड़कर पकड़ लिया. थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

## दिघवारा में अनियंत्रित स्कार्पियो ने बाइक सवार को कुचला, एक किशोरी की मौत,दो गंभीर रूप से घायल

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** छपरा हाजीपुर फोरलेन सड़क पर दिघवारा थाना क्षेत्र के मधुकॉन चौक के समीप सोमवार की दोपहर एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया। जिससे बाइक पर एक किशोरी की मौके पर मौत हो गई वहीं उस बाइक पर सवार एक अन्य किशोर समेत बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। मृतक की पहचान दरियापुर थाना क्षेत्र के मनोहरपुर गांव निवासी यदु राय की 8 वर्षीय बेटी सोनाली कुमारी के रूप में हुई है वहीं घायल व्यक्ति मृतक का बड़ा भाई बिल्लू कुमार बताया जाता है वहीं एक अन्य किशोर की पहचान गरखा रामपुर के झाड़ू टोला निवासी वीरन राय के 5 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक बिल्लू कुमार अपनी बाइक से अपनी बहन सोनाली कुमारी एवं भांजा प्रीतम कुमार को दिघवारा बाजार से खरीदारी कर एक श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने रामपुर जा रहा था। इसी दौरान मधुकॉन मोड़ के समीप छपरा की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने बाईक में ठोकर मार दिया और बाईक सवार लोगों को कुचल दिया। घटना के बाद शव के सड़क पर पड़े रहने के कारण एक लेन पर वाहनों का परिचालन आधा घंटा तक बाधित हुआ।घटना की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी ली।उधर स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने सोनाली को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बाइक व स्कॉर्पियो जप्त कर लिया है।

# स्टेशन रोड में नाला निर्माण में धांधली पर भड़के लोग, काम रुकवाया





**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** स्थानीय स्टेशन रोड में बुडको द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। घटिया निर्माण सामग्री और तकनीकी मानकों की अनदेखी से नाराज लोगों ने न केवल कड़ा विरोध जताया, बल्कि मौके पर चल रहे काम को भी रुकवा दिया। बता दें कि मढ़ौरा स्टेशन रोड का निर्माण बुडको द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी प्राक्कलन राशि लगभग 93 लाख रुपए की है।

**बिना सोलिंग के ही की जा रही थी ढलाई :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाले के फर्श पर बिना ईंट की सोलिंग कराए ही सीधे मिट्टी पर बेस व वॉल आरसीसी ढलाई का काम किया जा रहा था। इतना ही नहीं, नाले की मजबूती के लिए लगाए जा रहे लोहे के रॉड (छड़) की मात्रा में भी भारी कटौती की जा रही थी और उसे बेहद लापरवाही से बिछाया गया था।बताया जा रहा है कि आठ के जगह चार ही छड़ सीधी लाइन में बांधी गई थी। लोगों ने कहा कि इस तरह के निर्माण से नाला पहली बरसात भी नहीं झेल पाएगा। वहीं बिना अतिक्रमण हटाएं ही टेढ़े मेढ़े ढंग से नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही समतलीकरण भी ठीक से नहीं किया जा रहा है। कई तरह के शिकायतों को लेकर लोग आक्रोशित थे।

**विरोध के बाद हटाई गई सामग्री :** हंगामे की स्थिति को देखते हुए कार्यस्थल पर मौजूद मुंशी छोटू कुमार और संजय कुमार ने आनन-फानन में मिट्टी पर बिछाए गए लुंज-पुंज लोहे के रॉड को वहां से हटा लिया। विरोध करने वालों में मुख्य रूप से सूरज कुमार, मिंटू उपाध्याय, अखिलेश कुमार गुप्ता सहित दर्जनों स्थानीय लोग शामिल थे। लोगों ने स्पष्ट किया कि मानक के अनुरूप कार्य शुरू नहीं होने से निर्माण कार्य काफी कमजोर हो रहा है। वही संवेदक समरेन्द्र सिंह ने कहा कि मुंशी के लापरवाही से ऐसी शिकायतें मिली है, कमियों को दुरुस्त करके ही निर्माण कार्य किया जाएगा।

**क्या कहते हैं विभागीय अभियंता :** इस संबंध में बुडको के मुख्य अभियंता आनंद मोहन सिंह ने बताया कि संवेदक (ठेकेदार) द्वारा कार्य शुरू किए जाने की आधिकारिक सूचना विभाग को नहीं दी गई थी। उन्हें सिर्फ यह बताया गया था कि खुदाई वाले गड्ढे में बारिश का पानी भर गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत की जांच कर खामियों को तुरंत दुरुस्त कराया जाएगा। मानकों से समझौता करने वाले संवेदक पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# छपरा में 16-17 मई को भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर, तैयारियों पर हुई चर्चा



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोर कमेटी एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 16 एवं 17 मई को कटरा नेवाजी टोला स्थित आर.एन. सिंह इवनिंग कॉलेज में आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा तैयार की गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि शनिवार सुबह 9:00 बजे से शुरू होने वाले इस शिविर में सांसद, विधायक, पूर्व जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारी सहित जिले के वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। प्रशिक्षण के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है और इसमें प्रदेश स्तर के वरिष्ठ मंत्रियों व नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

बैठक के अंत में भाजपा नेत्री व निवर्तमान जिला कार्यसमिति सदस्य स्व. नेहा यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। रणजीत सिंह ने उन्हें पार्टी का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि उनका असमय निधन सारण भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद, रामदयाल शर्मा, वेद प्रकाश उपाध्याय, पूर्व प्रत्याशी डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, भाजपा महामंत्री विवेक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह, कृष्णा राम, अनु सिह, जिला मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर, राजीव कुमार सिंह, अधिवक्ता सुनिता कुमारी, सुनिता देवी, मीरा देवी, अनुरंजन कुमार सहित जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संजय झा को सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने दी बधाई



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर/पटना।** बिहार सरकार के नए मंत्रिमंडल के गठन के पश्चात भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह ने जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद संजय झा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर और प्रसाद खिलाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। ?राकेश सिंह ने उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संजय झा ने जल संसाधन विभाग समेत हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है, जिसकी चर्चा पूरे प्रदेश में होती है। उन्होंने कहा कि उनके कुशल संगठनात्मक कौशल के कारण ही हालिया चुनाव में पार्टी को बड़ी जीत हासिल हुई है। संजय झा की कार्यशैली से आम जनता सदैव संतुष्ट रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोनू कुमार सिंह, सुमंत बाबा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में डीआईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की गंभीरता को देखते हुए सारण रेंज के डीआईजी नीलेश कुमार सोमवार शाम एकमा पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने बताया कि मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए एसडीपीओ सदर-2 के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। अब तक एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दो अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है। इससे पूर्व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीआईजी ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सभी दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## स्वर्णकार समाज के मेधावियों का सम्मान



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** गौरा बाजार स्थित शहनाई पैलेस में 'स्वर्णिम विहान' संस्था द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह सह स्मारिका लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार बोर्ड और सीबीएसई की 10वीं व 12वीं परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण समाज के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही निबंध व भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि पटना आईजीआईएमएस के डॉ. संजीव कुमार और सत्यम भारती सोनार ने मेधावियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा को समाज की उन्नति का आधार बताया। संस्था की स्मारिका 'स्वर्णिम विहान' का लोकार्पण भी किया गया। आनंद कुमार शाह की अध्यक्षता और कृष्ण मोहन प्रसाद के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में डॉ. अमरनाथ प्रसाद, डॉ. मुकेश सोनी और सीए अमित कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्वर्णिम विहान के गैर-राजनीतिक व शैक्षिक प्रयासों की सराहना की।

## बाइक से बाइक की टक्कर में तीन घायल, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर बाइक की बाइक से टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों का सीएचसी मशरक में उपचार के उपरांत सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के गोपालवाड़ी गांव निवासी भूनेशवर राय का 20 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार, मिथलेश कुमार राय का 7 वर्षीय पुत्र अयांश कुमार और बहरौली गांव निवासी जितेंद्र सिंह का 22 वर्षीय पुत्र रोहित सिंह हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। दुर्घटना के बारे में बताया गया कि आगे चल रही बाइक में पीछे के बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए।

## सेमरहियां में शराब बेचने के विरोध पर मारपीट, आठ घायल

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** थानाक्षेत्र के सेमरहियां गांव में दूसरे के खेत में अवैध रूप से देशी शराब बेचने का विरोध करने पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में कुल आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का मुख्य कारण एक पक्ष द्वारा दूसरे के खेत में शराब रखकर बेचना बताया जा रहा है। चिकित्सक डॉ. वीरेश कुमार के अनुसार, घायलों में पूनम कुमारी, बबिता देवी, पवन कुमार, रीना देवी, मुन्ना कुमार, रिमझिम कुमारी, सुशीला देवी और मंजू देवी शामिल हैं। सभी घायलों का स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार किया गया, लेकिन पूनम कुमारी और बबिता देवी की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## मशरक में अलग-अलग घटनाओं में एक दर्जन घायल, सीएचसी में भर्ती

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग घटनाओं में एक दर्जन लोग घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए। बंगरा में बाइक दुर्घटना में कवलपुरा गांव निवासी गुड्डू कुमार और भरत कुमार घायल हो गए। मशरक के महाराणा प्रताप चौंक के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक घायल हो गया। इलाज के लिए पुलिस ने सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। पहचान नहीं होने पर पुलिस जवान की मौजूदगी में एम्बुलेंस से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा कि घायल की सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान कराई गई तो घायल इसुआपुर के नवादा गांव निवासी मुन्ना कुमार सिंह पिता धर्मेंद्र सिंह हुई। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। हनुमानगंज गांव में साइकिल सवार को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें साइकिल सवार दो युवक घायल हो गए,जिनका इलाज निजी क्लीनिक में हुआ।



## बाइक की टक्कर स्कूली बच्चा घायल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के नई बस्ती मोहल्ला में सोमवार की सुबह बाइक की टक्कर से एक स्कूली बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज हुआ। घायल की पहचान उक्त मोहल्ला निवासी गोलू कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चा अपने स्कूल जा रहा था तभी एक तेज रफ्तार बाइक वाले ने धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर से घायल हो गया। घायल बच्चा पास एक निजी स्कूल पर पढ़ता है।

## जिला पुलिस ने शराब के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में जिला पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री एवं भंडारण पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान के तहत मैरवा थाना क्षेत्र से कुल-251 लीटर देसी शराब बरामद, तीन मोटरसाइकिल और तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सिसवन थाना क्षेत्र से कुल-225 लीटर देसी शराब एवं 36 लीटर विदेसी शराब बरामद, तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र से कुल 144 लीटर विदेसी शराब बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार, नौतन थाना क्षेत्र से कुल 117 लीटर देसी शराब एवं 10 लीटर विदेसी शराब बरामद, दो मोटरसाइकिल जब्त की गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से गोपालगंज का युवक घायल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 331 पर सोमवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से गोपालगंज जिले का बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल गोपालगंज जिले के देवकुली हकाम निवासी विक्रमा प्रसाद का पुत्र सुनील कुमार बताया जाता है। अचेत स्थिति में सड़क किनारे पड़े घायल युवक को देख स्थानीय लोगों ने जानकारी डायल 112 को दी। पहुंची टीम ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर पहुंचाया। जहां आन ड्यूटी चिकित्सक डा.राकेश कुमार सिंह ने उसकी जांच की व गंभीर स्थिति देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का सुराग लगा रही है।

## नुक्कड़ नाटक व माकड्रिल कर आग से बचाव का दिया गया संदेश

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** दारौंदा प्रखंड के कोड़ारी कला गांव में सोमवार को आग से बचाव एवं सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, जन जागरूकता बैठक एवं माकड्रिल के माध्यम से ग्रामीणों और औद्योगिक क्षेत्र के लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारी रवींद्र कुमार यादव, वीरेंद्र प्रसाद यादव, अजीत कुमार एवं प्रीति कुमारी ने लोगों को आग लगने की घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि छोटी सी लापरवाही किस तरह बड़े हादसे का कारण बन सकती है। माकड्रिल के दौरान आग लगने की स्थिति में तुरंत क्या कदम उठाने चाहिए, गैस सिलेंडर एवं बिजली उपकरणों का सुरक्षित उपयोग कैसे करें तथा आपात स्थिति में लोगों को कैसे सुरक्षित बाहर निकाला जाए, इसकी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से गर्मी के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि समय रहते सावधानी अपनाने से बड़ी घटनाओं को टाला जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 100 लीटर देसी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/हसनपुरा(सिवान)।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के अरंडा गांव में रविवार की शाम पुलिस ने शराब धंधेबाजों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान प्रशिक्षु पुअनि नेहा कुमारी एवं सअनि वीरेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में अरंडा निवासी प्रकाश कुमार को 40 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं दूसरी ओर स्वामीनाथ चौधरी को 60 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित अवैध रूप से शराब की खरीद-बिक्री में संलिप्त थे। छापेमारी के बाद दोनों को मौके से गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

## चूल्हे की राख उड़ने के विवाद में दंपती संग मारपीट

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हरिहांस रगड़ टोला में चूल्हे की राख उड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान दंपती घायल हो गए। मामले में पीड़ित ओमप्रकाश यादव ने नौ मई को थाने में आवेदन में कहा है कि चूल्हे की राख उड़ने को लेकर मेरा भाई कमलदेव यादव अपने स्वजनों संग मिलकर मेरी पत्नी प्रमिला देवी से विवाद करने लगा। इसे देख जब मैंने मना किया तो सभी ने मिलकर लाठी, डंडे से मुझे एवं मेरी पत्नी को मारपीट कर मेरा सिर फोड़ दिया, तथा मेरी पत्नी के गले से दो मंगलसूत्र एवं पायल छीन लिए। हमलोगों का ईलाज सीएचसी में हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संदर्भ में आठ आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## महिला संग मारपीट, एक पर प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरेया निवासी पूनम देवी ने थाने में आवेदन देकर अपने पट्टीदार पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि उसके पट्टीदार मनीष साह द्वारा मामूली बातों को लेकर हमेशा मारपीट की जाती है। 10 मई की सुबह आठ बजे चापाकल के पानी का छींटा पड़ जाने पर नशे की हालत में मनीष ने गाली गलौज देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**दैनिक खोज खबर/महारजगंज (सिवान)।** महाराजगंज थाना कांड संख्या 532/25 के फरार नामजद अभियुक्त कसदेवरा प्रेमन टोला निवासी मनंजय प्रसाद के घर पुलिस ने रविवार की संध्या इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मनंजय की गिरफ्तार के लिए कई बार छापेमारी की गई लेकिन वह पुलिस को सफलता नहीं मिली। उसके घर इश्तेहार चिपकाया गया है अब कुर्की जब्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज(सिवान)।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के कर्णपुरा बाजार के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान दारौंदा थाना क्षेत्र के बैदापुर विशुनपुरा गांव निवासी 57 वर्षीय राम भजन सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राम भजन सिंह मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान कर्णपुरा बाजार के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल राम भजन सिंह को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पूर्व मंत्री सह सदर विधायक मंगल पांडेय का सिवान पहुंचने पर हुआ स्वागत



**दैनिक खोज खबर/सीवान।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री व सदर विधायक मंगल पांडेय सोमवार को सिवान पहुंचे। जहां चांप ढाला, पचरुखी, दारौंदा सहित दर्जनों स्थानों पर भाजपा जिला संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, एनडीए गठबंधन के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन मानस द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों के साथ-साथ एनडीए के विभिन्न घटक दलों के नेताओं की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित जनसमूह, भाजपा जिला संगठन, सभी सम्मानित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सिवान की जनता का यह प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए ऊर्जा का स्रोत है। यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा, संगठन की अथक मेहनत तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और राज्य में हो रहे विकास कार्यों पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, देवेंद्र गुप्ता, मुकेश कुमार बंटी, संतोष रावत, राजेश श्रीवास्तव, भाजपा मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, सुभाष सिंह कुशवाहा, पूनम गिरि आदि लोग शामिल थे।

## चोरी की चार बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सीवान।** जीबी नगर थानांतर्गत वाहन जांच के क्रम में चोरी की चार बाइक के साथ तीन चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार थाना क्षेत्र के चौकी हसन निवासी सुदामा सिंह, दीनदयालपुर निवासी प्रिंस सिंह व धनु कुमार राम है। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया। इनके पास से चोरी की बाइक के अलावा 33.42 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दस मई को थाना द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से थाना क्षेत्र अंतर्गत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। वाहन जांच के क्रम में एक व्यक्ति पुलिस को देखकर अपनी बाइक घुमाकर भागने का प्रयास किया। जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पूछताछ एवं सत्यापन के दौरान उक्त मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई। तत्पश्चात उसे विधि-सम्मत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीकांत बंगरा से तीन अन्य मोटरसाइकिल एवं 33.42 लीटर अवैध शराब बरामद कर दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में 34 गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सीवान।** जिले में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चला कर 24 घंटे में 34 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 34 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान शराब के कांड में 21, आर्म्स एक्ट के कांड में एक, पाक्सो एक्ट में एक, वारंट में सात, हत्या के प्रयास में तीन व स्नेचिंग में एक गिरफ्तारी की गई। वहीं 609.42 लीटर देसी व विदेसी शराब जब्त की गई।

जबकि 59 वारंट व चार कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से दो लाख 96 हजार छह सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि 11 दो पहिया वाहन सहित अन्य सामान को बरामद किया गया।

## हार्ट अटैक से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/आंदर(सिवान)।** आंदर क्षेत्र के रकौली गांव निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता लड्डू सिंह की हार्ट अटैक से सोमवार की दोपहर अचानक मौत हो गई। इस कारण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।

इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए रघुनाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत लड्डू समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे और क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान थी। उनके निधन की खबर मिलते ही शुभचिंतकों और ग्रामीणों की भीड़ उनके आवास पर जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत लड्डू पांच भाइयों में तीसरे थे। इस दौरान मुखिया संध्या देवी, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह,कुदन मियां,सुशील गुप्ता,सुगमबर माली,निखिल सिंह समेत कई सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री को बधाई दिया



**दैनिक खोज खबर/सीवान।** पटना में,खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री अशोक चौधरी को बनाए जाने पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य अशरफ अंसारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल करीम रिजवी ने उनके आवास पर मुलाकात कर, उनको गुलदस्ता देकर मुबारकबाद एवं बधाई दिया।वहीं अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य अशरफ अंसारी ने बताया कि मंत्री अशोक चौधरी जनता दल यू के एक समर्पित जननेता है।उनके पूर्व कार्यकाल भी काफी सराहनीय रहा है। जिस विभाग में जाते हैं उसमें अच्छा एवं बेहतर कार्य के लिए जाने जाते हैं।और हमारे नेता माननीय नीतीश कुमार के बनाए गए रोड मैप पर ही बिहार का विकास होगा।सात निश्चय तीन के तहत जो रूपरेखा हमारे नेता ने बनाया है उसी अनुरूप बिहार में एनडीए की सरकार कार्य कर रही है।और विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।बधाई देने वालों में युवा नेता दरवेश आलम, मोहम्मद कलीम आदि मौजूद थे।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के सहसराव पंचायत के मुंदीपुर गांव में सोमवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस एक घर में छापेमारी कर एक विवाहिता का शव बरामद किया। मृतका मुंदीपुर गांव के रामावतार पांडेय के पुत्र लव कुमार पांडेय की पत्नी ममता कुमारी बताई जाती है।

मृतका के पिता सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र के सेमरहा गांव निवासी साहेब पाठक ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए उनकी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति लव कुमार पांडेय और ननद कविता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। घटना रविवार की रात की बताई जाती है । शव का पंचनामा तैयार कर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिला कि मुंदीपुर गांव के रामावतार पांडेय की बहु ममता कुमारी का शव उसके कमरे में पड़ा है । पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए सूचना के आधार पर घर पर छापेमारी कर शव को बरामद किया।एसआई अनिल कुमार सिंह,पीएसआई पूजा कुमारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे । महिला के गर्दन पर काला निशान पाए गए हैं ।

इससे प्रतीत हो रहा है कि मौत फांसी पर लटकने से हुई है । पुलिस ने मृत महिला के कमरे से एक बहुत पुराना जंग लगा कारतूस का खोखा , बीयर के दो खाली केन बरामद किए हैं। वहीं मृत ममता के पिता साहेब पाठक ने बताया कि उनकी पुत्री की शादी 2024 में 22 अक्टूबर को हुई थी। बताया कि दहेज के लिए उनकी पुत्र ममता कुमारी की हत्या कर दी गई। उन्होंने ममता के पति लव कुमार पांडेय , अनिल पांडेय , सुनील पांडेय , सुधीर पांडेय , कविता कुमारी तथा अगुआ गोपालगंज जिले के खोरमपुर गांव के दयानंद पांडेय को आरोपित किया है।

वहीं सूचना पर पहुंची एफएसएल टीम ने घटना स्थल पर पहुंच जांच की और साक्ष्य के रूप में कुछ सामान एकत्रित कर अपने साथ लेकर चली गई।

## फरमाइशी गीत विवाद में युवक हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सीवान।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नगई गांव में सात मई को रिशुन साह के घर आयोजित विवाह समारोह में फरमाइशी गीत बजाने को लेकर विवाद हो गया था।

विवाद बढ़ने पर चाकूबाजी की घटना हुई, इसमें रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी ओमप्रकाश साह के पुत्र मनीष कुमार साह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चैनपुर थाना पुलिस ने नगई गांव निवासी भीम यादव के पुत्र राहुल कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष विजयरंजन कुमार ने बताया कि मामले के अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## फर्जी आधार कार्ड सहित सरकारी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह पर कार्रवाई

**दैनिक खोज खबर/सीवान।** साइबर थाना द्वारा फर्जी रूप से सरकारी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह पर कार्रवाई की गई ह। छापेमारी कर उक्त स्थान से भारी मात्रा में उपकरण भी पुलिस ने बरामद किया है। इस दौरान एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति बसंतपुर थाना क्षेत्र के जानकी नगर निवासी बसंत कुमार है।

जिससे पुलिस पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि सात मई को सीसीएसयू (साइबर अपराध सुरक्षा इकाई) पटना से प्राप्त सूचना के आधार पर आधार कार्ड एवं अन्य सरकार सरकारी दस्तावेज / प्रमाण पत्रों को फर्जी तरीके से बनाए जाने की जानकारी प्राप्त हुई।

उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु मेरे पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जानकी नगर बाजार स्थित बसंत डिजिटल केंद्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बसंत कुमार के यहां से फर्जी सरकारी दस्तावेज / प्रमाण पत्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण एवं कई गैर-सरकारी साइट / वेबसाइट का उपयोग करते पाया गया।

छापेमारी में मानिटर एक, लैपटाप छह, माउस दो, फिंगर स्लैब डिवाइस दो, आइरिस स्कैनर डिवाइस दो हार्ड डिस्क दो, पेन ड्राइव तीन, आईक्यूओ एंड्राइड मोबाइल एक, डेबिट कार्ड छह बरामद हुआ।

इस संबंध में साइबर थाना कांड संख्या-30/26 दर्ज कर अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## घर आने के दौरान हुआ हादसा, सगाई की खुशियां मातम में बदलीं

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया( सिवान)।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी बच्चू लाल चौधरी के पुत्र सुरेंद्र चौधरी की पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में परिवार के छह लोग घायल हो गए।

घटना की जानकारी रविवार की संध्या करीब सात बजे परिजनों को मिली तो परिवार सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजन रोने-बिलखने लगे। सूचना मिलते ही मृतक के छोटे भाई राजेश चौधरी, मामा धनेश्वर चौधरी सहित अन्य रिश्तेदार निजी वाहन से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। परिजनों ने बताया कि 12 मई को सुरेंद्र चौधरी की पुत्री मनीषा चौधरी की सगाई होने वाली थी।

इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूरा परिवार गांव आ रहा था, लेकिन रास्ते में ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। खुशियों का माहौल देखते ही देखते मातम में बदल गया।

बताया जाता है कि सुरेंद्र चौधरी पिछले 25 वर्षों से गुजरात के सूरत में वेल्डिंग वर्कशॉप चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

वहीं परिवार के साथ निजी मकान में रहते थे। हर वर्ष मई-जून माह में अपने गांव माधोपुर आया-जाया करते थे। उनका छोटा भाई गांव में रहकर खेती-बारी की देखरेख करता है। बता दें कि घटना रविवार की शाम पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के आदमपुर नौबस्ता गांव के पास की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार सुरेंद्र चौधरी अपने परिवार के साथ निजी कार से गुजरात के सूरत से अपने गांव माधोपुर आ रहे थे। इसी दौरान तेज गति कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

बताया जाता है कि कार उनका 19 वर्षीय पुत्र निखिल चौधरी चला रहा था।

# 31 फरियादियों ने एसपी को सुनाई अपनी पीड़ा, दिए कार्रवाई के निर्देश



**दैनिक खोज खबर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को जनता दरबार लगाया गया।

इस दौरान एसपी ने उपस्थित 31 लोगों की फरियादें सुनीं। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का आन द स्पाट निपटारा किया गया।

एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही।

उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए सभी फरियादियों की फरियाद सुनी।

एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया।

एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## शरारती तत्वों ने तोड़ी नगर पंचायत की बाउंड्री

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया( सिवान)।** बड़हरिया मुख्यालय स्थित निबंधन कार्यालय परिसर में नगर पंचायत द्वारा कराए गए पौधारोपण एवं सरकारी जमीन की सुरक्षा व्यवस्था को शरारती तत्वों ने क्षति पहुंचाई है।

रविवार की रात्रि शरारती तत्वों ने निबंधन कार्यालय गेट से पशु चिकित्सालय तक सीमेंटेड खंभों एवं तार के सहारे की गई बाउंड्री को तोड़कर सड़क पर गिरा दिया गया। नगर पंचायत द्वारा कुछ माह पूर्व अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सरकारी कार्यालयों एवं सड़क किनारे अवैध रूप से रखी गई गुमटियों व दुकानों को हटाया गया था।

इसके बाद सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त रखने के उद्देश्य से मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों के आसपास सीमेंटेड खंभों एवं तार से बाउंड्री कराई गई थी। वहीं बीच-बीच में बांस के गेबियन लगाकर छायादार पौधों का रोपण भी किया गया था। नगर पंचायत की इस पहल का उद्देश्य सरकारी जमीन को सुरक्षित रखना, अनाधिकृत रूप से पशु बांधने, वाहन खड़ा करने एवं दुकान लगाने पर रोक लगाना था। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने की दिशा में भी यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा था। लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा बाउंड्री तोड़े जाने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त बाउंड्री को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है।